आवारा पशुओं के खिलाफ चला अभियान, कटरा बाजार स्थित कृष्ण गोशाला में रखने की हुई व्यवस्था

# पहले दिन 22 गायें पहुंचाई गईं गोशाला

पटना सिटी | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री की पहल पर सड़कों पर खुले रूप से विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। पहले दिन 22 गायों को कृष्ण गोशाला पहुंचाया गया। अभियान के दौरान पकड़ी गई गायों को कटरा बाजार गोशाला में रखने की व्यवस्था की गई है।

इसको लेकर मंगलवार की शाम डीएम संजय कुमार अग्रवाल ने कटराबाजार, दीदारगंज स्थित श्रीकृष्ण गोशाला केन्द्र का मुआयना किया। डीएम ने बताया कि सड़क पर विचरण करने वाली गायों को गोशाला में रखा जाएगा। जहां उनकी समुचित देखरेख के साथ भोजन आदि की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाएगा। इस अभियान से गायों को बेहतर वातावरण, स्वस्थ्य व भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से समुचित राशि मुहैया कराई जाएगी।

**निगम को गायों को चिन्हित करने का निर्देश :** डीएम ने चारों नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र का सर्वेक्षण कर वैसे गायों की पहचान कराएं, जिसका कोई मालिक नहीं है। उस पर लाल अंक से मार्किंग कर दी जाए। साथ ही ऐसे पशुओं को सुरक्षित गोशाला पहुंचाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि वैसे गाय जो किसी के पालतू हैं, मगर मालिक द्वारा सड़कों पर विचरण के लिए छोड़ दिया जाता है। वैसे पशुओं को भी पकड़कर मालिक पर जुर्माना लगाया जाए। डीएम ने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य निरीह पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना है। इसके तहत वैसे मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा, जो जानबूझकर गाय को सड़क पर छोड़ देते हैं। जिससे एक ओर यातायात बाधित होती है। वहीं दूसरी ओर यत्रतत्र गंदगी भी फैलती है। निरीक्षण व बैठक में डीएम संजय कुमार अग्रवाल के अलावा, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, सिटी अनुमंडल पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, श्रीकृष्ण गोशाला के सचिव, सिटी अंचल के ईओ अजय कुमार समेत कई लोग शामिल थे।



मंगलवार को कटरा बाजार गोशाला में निरीक्षण करने पहुंचे डीएम एसके अग्रवाल।

### डीएम ने किया निरीक्षण

- गायों के रख-रखाव के लिए राज्य सरकार से मुहैया कराई जाएगी उचित राशि
- आवारा गायों पर लगेगा लाल मार्का, पशु मालिकों से वसूला जाएगा जुर्माना

### नियमित होगी स्वास्थ्य जांच

डीएम ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि श्रीकृष्ण गोशाला में प्रत्येक मंगलवार को एक पशु डॉक्टर व गुरुवार को एक कम्पाउंडर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मांग के अनुरूप चिकित्सकों की उपलब्धता गोशालों में सुनिश्चित करेंगे।

### निगम रात में भी चलायेगा अभियान

आवारा पशुओं के खिलाफ निगम अब रात में भी अभियान चलाएगा। पहले दिन विभिन्न थाना क्षेत्रों से 22 बेसहारा गायों को पकड़ा गया। जिसमें तीन गाय सिटी अंचल के एनएमसीएच रोड व आईडीएच कॉलोनी से पकड़ा गया है।

## वार्ड का मुआयना करेंगी महापौर

**पटना सिटी।** पटना को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद में जुटी मेयर गुरुवार से निगम के पदाधिकारियों के साथ वार्ड का निरीक्षण करेंगी। जिसकी शुरुआत नगर निगम के सिटी अंचल से किया जाएगा। ईओ अजय कुमार ने बताया कि स्मार्ट सिटी को लेकर मेयर सीता साहू की संबंधित अधिकारियों के साथ कई बैठक हो चुकी है।

जिसमें मुख्यमंत्री के सात निश्चय में हर घर नल, गली, मोहल्ला की पक्कीकरण, व नाला का निर्माण इन तीन निश्चयों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करना होगा। जिसमें निगम की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। गुरुवार से मेयर वार्ड संख्या 52 व 53 का निरीक्षण करेंगी।

वहां मुख्यमंत्री योजना व निगम द्वारा वार्डों की सफाई का जायजा लेंगी। कार्यक्रम 20 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। मेयर के साथ कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, मुख्य सफाई निरीक्षक व ईओ शामिल रहेंगे। ईओ ने बताया कि मेयर द्वारा भेजी गई निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम की सूची कार्यालय को प्राप्त हो चुकी है।

# इमरजेंसी में बेड के लिए डॉक्टरों के साथ नोकझोंक

पटना सिटी | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

### एनएमसीएच

- कुछ मरीजों को वार्ड में रेफर कर उपलब्ध कराया गया बेड
- स्ट्रेचर से जमीन पर मरीज को रखने पर भड़के परिजन

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में बेड को लेकर डॉक्टर व नर्सों और मरीज के परिजनों के बीच नोकझोंक हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने कुछ मरीजों को तत्काल संबंधित वार्ड में रेफर कर अन्य मरीज को बेड उपलब्ध कराया।

इसके बाद मामला शांत हुआ। हालांकि बेड की समस्या को लेकर इमरजेंसी में इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती है। मंगलवार को तुलसीमंडी के मरीज अशोक कुमार (60 वर्ष) को अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया था। बेड की कमी होने पर स्ट्रेचर पर ही डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और नर्स को स्लाइन चढ़ाने का निर्देश दिया। इसी दौरान एक और गंभीर मरीज आ गया। जिसके लिए स्ट्रेचर की जरूरत थी। वार्ड ब्वॉय मरीज को जमीन पर लिटा कर स्ट्रेचर की मांग कर रहे थे। परंतु परिजन ऐसा करने से राजी नहीं हो रहे थे। इसी को लेकर स्वास्थ्यकर्मी व परिजनों के बीच तू-तू, मैं होने लगी। हालांकि बाद में बेड की व्यवस्था किए जाने पर परिजन शांत हुई। इधर अस्पताल अधीक्षक डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इमरजेंसी का विस्तार होना है। स्वास्थ्य विभाग की स्वीकृति के बाद इमरजेंसी का विस्तार किया जाएगा। इधर रेडियोलॉजी विभाग में मशीन में खराबी आने से एक्सरे बाधित हो गया। जिससे गुस्साए लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।


## शोक संदेश



नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:।
न चैनं क्लेदयन्त्यापौ न शोषयति मारूत:॥

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

**कौशल्या देवी अग्रवाल**

(धर्मपत्नी : स्व. रामअवतार अग्रवाल) का स्वर्गवास दिनांक 8 जुलाई, 2017 को हो गया है।

**द्वादशा एवं श्राद्धकर्म** - 20.07.2017 (गुरुवार)
**टीका** - 20.07.2017 (गुरुवार, संध्या 4 बजे)

स्थान : फ्लैट नं. 209-210, महिमा पैलेस, गोविन्द मित्रा रोड, पटना-4, मो.- 9386549100, 9931726055

शोकाकुल : **जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल** (पुत्र)


# किरोसिन की आपूर्ति बंद होने पर लोगों का हंगामा

पटना सिटी | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

तीन माह से राशन की आपूर्ति नहीं होने के विरोध में लोगों ने हंगामा मचाया। वार्ड 60 के माशुक अली रोड में जनवितरण प्रणाली की दुकान के पास दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने राशन की मांग को लेकर विरोध जताया। इसके वजह से माशुक अली रोड में जाम लग गई।

मौके पर पहुंचे वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बलराम चौधरी ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा कर शांत कराया। लोगों का कहना था कि तीन माह से मिट्टी तेल की आपूर्ति नहीं होने के कारण खुले बाजार से महंगे दर पर तेल खरीदना पड़ रहा है। जिससे गरीबों को काफी परेशानी हो रही है। इधर दुकानदार आधार कार्ड के नाम पर राशन की कटौती कर रहे हैं। समय पर पीडीएस दुकान नहीं खुलने से काफी परेशानी होती है। राशन शीघ्र ही मिट्टी तेल की आपूर्ति सुनिश्चित कराए। वार्ड पार्षद शोभा देवी ने जरुरतमंदों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग रखी। मौके पर भूषण माली, राजु कुमार गौतम, प्रभा देवी, गीता देवी, कपुरी ठाकुर, प्रमिला देवी, साजिया प्रवीण, मौजूद थी।



मंगलवार को वार्ड-60 में मिट्टी तेल की मांग को लेकर प्रदर्शन करते उपभोक्ता।

## चोरी के माल समेत तीन गिरफ्तार

**पटना सिटी।** बहादुरपुर पुलिस ने अभियान चलाकर तीन को पकड़ा है। चोरों के पास से चोरी का सामान बरामद किया गया है। संदलपुर के संजय कुमार उर्फ बब्बन, छोटू सहनी उर्फ गुलशन तथा अंबेडकर कॉलोनी का कृष्ण कुमार उर्फ छोटू को पकड़ा है। चोरी का एक लैपटॉप, 19 मोबाइल, एक एलईडी टीबी, 18 सौ रुपए, चार पुड़िया गांजा व चार पुड़िया स्मैक बरामद किया गया है।

## कोचिंग संचालक के खिलाफ केस

**पटना।** नया टोला स्थित एक कोचिंग संस्थान के निदेशक के खिलाफ छात्र एजाज साबरी ने पीरबहोर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।


फारबिसगंज निवासी एजाज कोयरी टोला में रहकर पढ़ाई करता है। उसने आरोप लगाया है कि जिस कोर्स और बैच में उसने एडमिशन लिया था, उसमें नहीं पढ़ाकर कोचिंग संचालक पुराने बैच में पढ़ने को कह रहे हैं।

# बिजली कनेक्शन के नाम पर की ठगी

**पटना सिटी।** बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर एक महिला से दलाल ने दो हजार रुपए ऐंठ लिए।

जब पीड़िता को बिजली कनेक्शन नहीं मिला तो वह पादरी की हवेली स्थित विद्युत कार्यालय जाकर सहायक विद्युत अभियंता को आपबीती बताई। पीड़िता खाजेकलां थाना क्षेत्र के गुरहट्टा के पास की रहने वाली है। उसने बताया कि पड़ोस के ही मनोज उर्फ कल्लू उससे बिजली कनेक्शन तुरंत दिलाने के नाम पर दो हजार रुपए ऐंठ लिए। अब वह बार-बार दौड़ा रहा है। एसडीओ राजेश वर्णवाल ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर इसकी सूचना वरीय अधिकारियों व संबंधित थाना को दी जाएगी। एसडीओ ने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन समेत अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के लिए किसी बिचौलिए के पास नहीं जाना चाहिए। निर्धारित शुल्क पर शीघ्र ही कनेक्शन दिए जाने का प्रावधान है।


## शोक संदेश



मान्यवर, अपार दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिता

**ललित कुमार सिन्हा**

(संस्थापक-सह-प्रबंध निदेशक जुबली हेल्थकेयर प्रा.लि.) का स्वर्गवास दिनांक- 14.07.2017 (शुक्रवार) को हो गया है। अत: आपसे निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना करे

प्रार्थी:- विकास कुमार
एवं समस्त शोकाकुल परिवार
संपर्क सूत्र : 09430558023, 09334921298


# गंगा में पूजन सामग्री नहीं फेंकने की अपील

**पटना सिटी।** नमामि गंगे को लेकर प्रेम यूथ फाउंडेशन के बैनर तले सबलपुर में गंगा मित्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन करते हुए युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय, नेहरु युवा केन्द्र पटना के एनवाईवी राखी कुमारी ने कहा कि भारत सरकार गंगा को लेकर गंभीर है। इसी के तहत अब गंगा नदी में कचरा डालने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा।

गंगा हमारी संस्कृति व सभ्यता की पहचान है। गंगा गोमुख से निकलकर बनारस पहुंचते ही गंगा का अमृत जल जहर बन जाता है। पटना में तो गंगा का जल नहाने तक लायक नहीं रहा। उन्होंने लोगों से पूजन सामग्री, मूर्ति व मृत पशु व मानव को गंगा नदी में प्रवाहित नहीं करने की अपील की। फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने कहा कि गंगा को बचाने के लिए गंगा मित्रों को रात-दिन काम करना होगा। उन्होंने लोगों को जागरुक करने के लिए दीवार लेखन, पदयात्रा, चौपाल, पौधरोपण करने की बात कही। साथ ही पूजन सामग्री से जैविक खाद बनाने के लिए जागरुक किया जाएगा। सम्मेलन में अमरजीत सिंह, गौरव कुमार, प्रियंका कुमारी, नेहा वर्मा, रीना कुमारी, चांदनी कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।

# प्रेमिका को भी धोखे में रखा था प्रसेनजीत

फॉलोअप

### खुलासा

- प्रसेनजीत की रिमांड दो दिन और बढ़ी
- चेक क्लोनिंग का है मास्टरमाइंड

पटना | वरीय संवाददाता


चेक क्लोनिंग कर व्यवसायियों के खाते से लाखों रुपए उड़ाने वाले प्रसेनजीत उर्फ रेहान उर्फ ... लगी थी। उससे पूछताछ कर ...


भारत विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, भारत सरकार

नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय, बिहार परिमंडल, दूरसंचार विभाग

## आधार शिविर

## दूरसंचार विभाग/बीएसएनएल पेंशनरों के लिए




- क्या आपने आधार नामांकित किया है ?
- क्या आप अपना आवास का पता बदलना चाहते हैं ?
- क्या आप अपना मोबाईल नंबर बदलना चाहते हैं ?

कृपया अपना ID CARD or PPO साथ लायें

### स्थान

कार्यालय : नियंत्रक संचार लेखा, बिहार परिमंडल, सी.सी.ए. भवन, संचार परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना-1
दिनांक : 21 जुलाई, 2017 (11.00 से 4.00 बजे)

निवेदक
शंकरा नन्द मिश्रा
संयुक्त नियंत्रक (USO & Pension)
Office Tel. No - 0612-2213101



बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कार्य प्रमंडल नीमचक बथानी, (गया)



**होटल प्रबंध खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, हाजीपुर**
(राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टकनालॉजी परिषद से संबंध्दता प्राप्त)
(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
रामाशीष चौक के निकट, हाजीपुर, वैशाली, बिहार- 844102,
फोन नं0 : 06224-275354, 274937 फैक्स:- 06224-276486
वेबसाईट:- www.ihmhajipur.net, ईमेल: hajipurihm@gmail.com

**त्रिवर्षीय (छः-सत्र) आतिथ्य और होटल प्रशासन में विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम (B.Sc. in Hospitality & Hotel Administration) के शैक्षणिक सत्र 2017-18 में बचे हुए सीटों को भरने की घोषणा**

होटल प्रबंध संस्थान, हाजीपुर में त्रिवर्षीय (छः-सेमेस्टर) आतिथ्य और होटल प्रशासन में विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2017-18 में निम्नलिखित कैटेगरी में बचे हुए सीटों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। **अनुसुचित जाति - 25, अनुसुचित जनजाति -** 17. नामांकन पहले आओ पहले नामांकन पाओ के आधार पर किया जायेगा तथा बचे हुए सीट फुल हो जाने के उपरांत संस्थान नामांकन लेने हेतु बाध्य नहीं होगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रथम सत्र की फीस रू 60,899/- डीडी के माध्यम से संस्थान में सभी कागजातों सहित 31 जुलाई, 2017 तक जमा कर संस्थान में नामांकन ले सकते हैं। नामांकन के संबंध में विस्तृत विवरण संस्थान के वेबसाईट **www.ihmhajipur.net** पर उपलब्ध है।

आईएचएम:जेईई रीसीडयूल एडमीशन 07/2017-07 प्राचार्य



**होटल प्रबंध खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, हाजीपुर**
(राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टकनालॉजी परिषद से संबंध्दता प्राप्त)
(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
रामाशीष चौक के निकट, हाजीपुर, वैशाली, बिहार- 844102,
फोन नं0 : 06224-275354, 274937 फैक्स:- 06224-276486
वेबसाईट:- www.ihmhajipur.net, ईमेल: hajipurihm@gmail.com

**डिप्लोमा प्रवेश अधिसूचना (बचे हुए सीटों के लिए)**

संस्थान वर्तमान सत्र (2017-2018) के लिए निम्नलिखित रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में बचे हुए सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। नामांकन संबंधित विस्तृत विवरण संस्थान के वेबसाईट www.ihmhajipur.net पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित कागजातों एवं नामांकन शुल्क के साथ संस्थान में स्वयं आकर दिनांक 28 जुलाई, 2017 तक नामांकन ले सकते है। **नामांकन प्रक्रिया पहले आओ पहले नामांकन पाओ के आधार पर होगी तथा सीट फुल हो जाने के उपरांत नामांकन के लिए संस्थान बाध्य नहीं होगी।**

| क्रम | पाठ्यक्रम का नाम | योग्यता | दिनांक 01.07.2017 को अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 01 | डेढ़ वर्षीय डिप्लोमा फुड प्रोडक्शन (कुक) | 10+2 या समकक्ष | 25 वर्ष सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु |
| 02 | डेढ़ वर्षीय डिप्लोमा फुड एवं बेवरेज सर्विस (वेटर) | 10+2 या समकक्ष | 28 वर्ष अनु0 जाति/अनु0 जनजाति हेतु |

पत्रांक सं0:-आईएचएम:एडमीशन(डिप्लोमा)/2017-06 प्राचार्य



पूर्व मध्य रेल EAST CENTRAL RAILWAY

**अधिसूचना**

**गाड़ी संख्या 22355 पाटलीपुत्र-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्स. (द्वि-साप्ताहिकी) का गाड़ी संख्या 23255 पाटलीपुत्र-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्स. (द्वि-साप्ताहिकी) में परिवर्तन।**

पूर्व में दिनांक 22.03.2017/23.03.2017, प्रकाशित अधिसूचना सख्या PR/1530/HQ/N के माध्यम से अधिसूचित की गई थी कि गाड़ी संख्यां 13255 पाटलीपुत्र-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के गती में वृद्धि के उपरांत सुपरफास्ट किए जाने के बाद नया नं० 23255 हो गया है। उपरोक्त के आलोक में पाटलीपुत्र-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिकी) दिनांक 15.11.2017 तक गाड़ी संख्या 23255 के रूप में चलेगी। तकनीकी कारणों से दिनांक 15.11.2017 के बाद यह गाड़ी 23255 के बदले 22355 के नए नम्बर से चलेगी।

पीआर/0526/एचक्यू/एन/56 मु०या० परि० प्रबंधक, पू.म.रे.,हाजीपुर

पूर्व मध्य रेल EAST CENTRAL RAILWAY



**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम - एक महारत्न कंपनी)

**शेयरधारकों को सूचना**

गेल (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") के शेयरधारकों जिनके शेयर निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखांकन, लेखा परीक्षा, अंतरण एवं वापसी) नियम 2016 ("नियम") के खंड 124(6) ("प्रावधान") और नियम 6(3) (क) के अनुरूप निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में अंतरित किए जाने की सूचना एतद्द्वारा दी गई है।

इस संबंध में कंपनी ने लगातार सात वर्ष तक लाभांश का भुगतान न होने या दावा न करने वाले शेयरधारकों के संबंध में डिपोजिटरी/आर एंड टी ए के पास उपलब्ध नवीनतम पते पर विशेष रूप से सूचित किया है जिसमें आईईपीएफ में अंतरित होने वाले शेयरों का विवरण निम्नवत दिया हुआ है:

| लाभांश (वर्ष) | घोषणा की तारीख | अंतरण की नियत तारीख | आईईपीएफ सस्पेंस खाते में शेयरों का अंतरण |
|---|---|---|---|
| अंतिम (2009-10) | 22 सितम्बर 2010 | 21 अक्टूबर 2017 | दिनांक 21 अक्टूबर, 2017 के उपरांत (आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा डिपोजिटरी भागीदार की सूचना के अध्यधीन) |

ऐसे शेयरधारकों का विवरण जानने के लिए कृपया वेबसाइट **www.gailonline.com/Investor Zone** देखें।

ऐसे शेयरधारक जिन्होंने लगातार सात वर्ष तक अपना लाभांश नहीं लिया है वे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय (या ई-मेल **shareholders@gail.co.in**) या हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट (पता: एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, **यूनिट: गेल (इंडिया) लिमिटेड,** प्रथम तल, एफ-65, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नई दिल्ली-110020 या ई मेल: **admin@mcsregistrars.com**) अन्य किसी जानकारी और कंपनी के पास पड़े हुए गैर दावागत लाभांश हेतु **दिनांक 21 अक्टूबर 2017** को और उससे पूर्व वैध दावे प्रस्तुत करें।

उपर्युक्त तारीख के पश्चात संबंधित शेयरधारक उक्त शेयरों के साथ लाभांश(शों) का दावा आईईपीएफ से प्रक्रियानुसार कर सकते हैं तथा आईईपीएफ नियम **2016** में यथा निर्धारित कागजातों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। शेयरधारक कृपया वेबसाइट **www.iepf.gov.in** का संदर्भ ले सकते हैं।

**स्थान:** नई दिल्ली
**तारीख:** 19.07.2017
**ई-मेल:** shareholders@gail.co.in
**वेबसाइट:** www.gailonline.com

**कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**हस्ताक्षर/-**
**(ए.के. झा)**
**कंपनी सचिव**

**निगमित पहचान नं. : L40200DL1984GOI018976**
**गेल (इंडिया) लिमिटेड, गेल भवन, 16, भीकाजी कामा पैलेस, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066, फोन: 011-26182955, फैक्स: 011-26185941**

**"सुरक्षा प्रथम-सुरक्षा दिल से"** किसी भी सुरक्षा संबंधी मामलों के लिए 15101 (टोल फ्री) पर कॉल करें।




AIHT

**Admission Open**
UG degree course/ 1 year diploma course (July 2017 Batch)

Asian Institute of **HOSPITALITY & TOURISM**

Blessed By - Dr. Mahesh Sharma
Minister of State for Culture, Tourism
Government of India



100% PLACEMENT Assistance

International STUDY TRIP

In-House
- Travel Ageny
- Restaurants & Bars
- Fast Food Chain
- Café & Lounge
- Quick Service Restaurant

UG degree course/ 1 year diploma course
- Tourism and Travel Management
- Hotel Management

Marwah Studios Complex, FC-14/15, Film City, Sec-16A, NOIDA
Ph: +91-120-4831100, 8586970236 | sms AAFT to 57575
info@aiht.edu.in | www.aiht.edu.in

An Initiative of - AAFT



**Govt. Engineering & Management College**

**MIMIT**

Estd. 1998

Approved by AICTE (New Delhi) & Affiliated to M.R.S.P.T.U., Bathinda

**DIRECT ADMISSION - 2017**

Accessible, Affordable and Quality Technical Education for all

18

mint CLASSIFIEDS

19



# Two cases that may help decide if privacy is a fundamental right

The Constitution bench will examine if rulings in these cases are acceptable in the context of Aadhaar

a peak under Narendra Modi's leadership?

Pakistan's proxy war, China's military drill test Indian Army on two fronts

G-20 LEADERS FAIL TO GENERATE 'INTERNATIONAL ECONOMIC COOPERATION'

COLUMN

PressReader

18

19

POLITICS

20

View all thumbnails

Thumbnails

Bookmarks

 | © NewspaperDirect Inc. dba PressReader